

# जली रोटी, गुंदे हुए आटे की तरह हलुआ देख तहसीलदार रह गए दंग

## शिकायत के बाद नायाब तहसीलदार ने किया छात्रावास का निरीक्षण, पानी की टंकी, आटा, चावल में मिले कीड़े, परिसर में गंदगी



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सर समय पर खाना नहीं मिल रहा है, वहीं जो खाना मिल रहा है, वह भी खाने योग्य नहीं है। जिसके कारण हमें भूखा रहना पड़ता है और इस कारण हम स्कूल नहीं जा पा रहे है, यह कहना था पठार स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालक सीनियर उत्कृष्ट छात्रावास में रहने वाले छात्रो का जिन्होंने अपनी अपनी भूख की तड़पन और छात्रावास की व्याप्त अव्यस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी सारी बाते मौके पर मौजूद शंभू सिंह मीणा को बताई। तो वहीं बच्चों ने बड़ी मासूयमित के साथ कहा कि सर हम झूठ नहीं बोल रहे है, आप चाहे तो देख लो। वहीं बच्चों के बार-बार अग्रह करने के बाद नायाब तहसीलदार बच्चों के साथ छात्रावास पहुंचे और परिसर फैली गदंगी और छात्रावास में व्याप्त अव्यस्थाएं देख कर दंग रहे गए।

दरअसल सीनियर उत्कृष्ट छात्रावास में बच्चों के रहने के लिए जो रूम है, उसमें शनिवार की सुबह दो बच्चों को करंट का झटका लग गया, तो वहीं पहले भी करंट लगने की शिकायत बच्चे अपने अधीक्षक से कर चुके थे, साथ ही समय पर भोजन और खाना की क्वालिटी के सुधार का भी निवेदन किया जा चुका था, लेकिन कई बार निवेदन करने के बाद जब अधीक्षक द्वारा इसमें सुधार नहीं किया गया, तो परेशान छात्रों ने कलेक्ट्रेट की ओर रूख किया, जहां पर उन्होंने नायाब तहसीलदार से मिलकर उन्हें अपनी सारी समस्याएं बताई।

**परिसर में गंदगी का अंबार, टंकी में उतराते मिले कीड़े:**

बच्चों के निवेदन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नायाब तहसीलदार शंभू सिंह मीणा बच्चों के साथ छात्रावास पहुंचे और एक-एक रसोई घर से लेकर बाथरूम और रूम का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा नजर आया। तो वहीं पानी की टंकियों में कीचढ़ और कीड़े उतरते हुए मिले। इसके अलावा रसोई घर के पास कीचढ़ युक्त गदंगी देखी। वहीं छात्रावास में रह रहे बच्चों ने उन्हें अपने फटे हुए विस्तार से लेकर ओढ़ने के लिए फटी रजाई दिखाई, तो वहीं उजाले के नाम पर लगी सीएफएल अपने पैसों से लगाने की बात कहीं।

**आटे में घुन और चावल में मिले कीड़े:**

बच्चों को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए नायाब तहसीलदार ने रसोई घर की ओर रूख किया, जहां एक बर्तन में रखे चावल में कीड़े नजर आए। तो वहीं कट्टी में रखे आटे में घुन सहित गंदगी नजर आई। इसके अलावा बच्चों के लिए शनिवार को बनाये गये भोजन में जली, भूझी रोटिया मिली। साथ ही वेगन की सब्जी में बेगन के साथ पानी नजर आया और इससे मसाला गायब दिखाई दिया।

**कलेक्टर ने दिये है निरीक्षण के आदेश:**

जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहत्तर बनाने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा लगातार निरीक्षण किये जा रहे है। तो वहीं उन्होंनें व्यवस्थाओं में सुधार हो सके, इसके लिए अधिकारियों को भी निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। लेकिन इन सबसे के बाबजूद अधिकारियों की कान पर जू नहीं रैंग रहीं है। जिसका खामियाजा छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों का भुगतना पड़ रहा है। यह गौर करने वाली बात ये भी छात्रावास की निगरानी विभाग द्वारा की जाती है और समय समय पर निरीक्षण भी किया जाता है। लेकिन निरीक्षण होने के उपरांत और विभाग द्वारा निगरानी रखे जाने के बाद भी बच्चों की सेहत से इस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है, यह समझ से परे, क्योंकि जिस तहर की स्थिति नायाब तहसीलदार सहित अन्य समाजिक संगठनों के लोगों ने देखी तो उससे अंदाजा लगाया जा रहा है, छात्रावासों के संचालन में मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसके कारण इनमें बढ़ने वाले बच्चों को सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं है।

### डीओ बोलीं जांच करवा रहे हैं, जो भी बाते करना है ऑफिस में आकर करिये





छात्रावास में मिली समस्याओं और बच्चों द्वारा की गई शिकायत के बारे में जब आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक आदिति सिंह से चर्चा करना चाहीं तो वह सवालों से बचती नजर आई।

जब उनसे हॉस्टल में मिली अनियमिताओ के बारे में पूछा गया तो वह जांच करवाने की बात कहती नजर आई। वहीं जब उनसे सवाल किया गया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा हॉस्टल का निरीक्षण किया जाता है, फिर भी समस्याओं में सुधार नहीं हुआ तो उनके द्वारा ऑफिस में आकर जानकारी लेने की बात कहीं गई और अपना फोन कट कर दिया।

*खाना सहित अन्य समस्याओं को लेकर बच्चे कलेक्ट्रेट में शिकायत करने आए थे, जिसके बाद छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां गंदगी मिलने के साथ ही खाने में क्वालिटी नहीं मिली। इसके लिए प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर सर को दिया जाएगा। जिसके बाद आगामी कार्यवाहीं की जाएगी।*

**शंभू सिंह मीणा,**
**नायाब तहसीलदार अशोकनगर।**

**इनका कहना है।**

*बच्चों द्वारा करंट फैलने की शिकायत की गई थी, इसके बाद लाइट बाले को बुलाया गया है, जो आकर सुधार देगा, वहीं खाना पूर्ण गुणवत्ता का दिया जा रहा है और मै ही सामान लाकर देता हूं, आज लेट हो गया, क्योंकि बनाने वाले संगत में चले गए थे, वहीं उनकी गाड़ी पंचर हो गई थी। जिसकी बजह से खाना लेट हो गया।*

**प्रदीप कलावत, अधीक्षक**
**सीनियर बालक उत्कृष्ट छात्रावास**


### झगड़े के बाद महिला ने पिया कीटनाशक

**अशोकनगर।** ईसागढ़ रोड़ स्थित गौशाला पर हुए विवाद के एक महिला ने इल्लीमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां महिला का उपचार जारीं है। अस्पताल में उपचाररत शिवकुमारी यादव ने बताया ठेला और कंड्डे को लेकर चौकीदार छोगीलाल से विवाद हो गया है, जिसके चलते उसने उससे अर्नगल बाते कहीं, ऐसी बाते शिवकुमारी से उसके घरवालों तक नहीं कहीं गई। जिसके चलते उसने गुस्से में आकर दवा का सेवन कर लिया। फिलहाल महिला का खतरे से बाहर है और उसका उपचार जारी है।

### मारपीट से आहत वृद्ध ने खाया जहर, मौत

**अशोकनगर।** पिपरई थाना अंतर्गत ग्राम फुलेरी में डबरी को लेकर हुए विवाद में एक 55 वर्षीय वृद्ध ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूरन अहिरवार का विवाद परिवार के अन्य सदस्यों से डबरी छोटा तालाब को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते उससे उसके भतीजों और बहूओ ने मारपीट कर दी, इस मारपीट में महिलाओं द्वारा भी मारपीट की गई, जिससे वह आहत हो गए और जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

## एक नजर में



### वैष्णव छीपा समाज द्वारा मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर

**नवभारत अशोकनगर।** वैष्णव छीपा समाज द्वारा स्थानीय विदिशा रोड स्थित गुरु धाम कॉलोनी में समाज के मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। समाज के जिला अध्यक्ष गोपाल नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मंदिर में हमारे आराध्य देव संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की प्रतिमा के साथ ही हम सभी के आराध्य प्रभु भगवान श्री विट्ठल माता रूकमणि की प्रतिमा की स्थापना कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि समाज की सहमति से उक्त जगह का नामकरण विट्ठल धाम के नाम से किया गया है। शनिवार को उन्होंने मंदिर निर्माण का निरीक्षण किया एवं मुख्य द्वार के गेट तैयार करवाए जाने हेतु नाप जोख की गई। उन्होंने बताया कि समाज के सहयोग से बन रहे मंदिर में लोगों की भावनाओं के अनुरूप आकर्षक रूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी मंदिर का गर्भ ग्रह बन चुका है, एवं उसके आगे ऊपर का कार्य भी शीघ्र शुरू होने वाला है। निर्माण कार्य में विशेष रूप से गुणवत्ता और जगह के उपयोग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने समाज जनों से अपील की है कि मंदिर निर्माण के लिए बढ़-चढ़कर अपना भरपूर आर्थिक सहयोग प्रदान करें जिससे समाज की धरोहर को भव्य रूप प्रदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी समय में बसंत उत्सव भी मंदिर निर्माण स्थल पर ही मनाया जाएगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष रघुवीर कुंजीवाल, वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र ढोटिया, नारायण सिंह विरग भी मौजूद थे।

### मोबाइल कोर्ट ने बनाए चालान, वाहन चालकों को दी समझाइश

**अशोकनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार शहर के मुख्य चौराहों पर मोबाइल कोर्ट लगाए गए, जहां वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान मोबाइल कोर्ट द्वारा यात्री बसों को चैक किया गया, जिसके तहत वाहन की फिटनिस, वर्दी में स्टॉफ और अग्निशमन यंत्र की जांच की गई। इस दौरान मोबाइल कोर्ट ने यातायात निमयों को उल्लघन पाये जाने पर 40 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। जिसके चलते 25 हजार से अधिक जुर्माना बसूल किया गया। साथ ही वाहन चालकों को समझाइस दी कि वह यातायात नियमों का पालन करे। यह कार्रवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे के निर्देश पर की गई। जांच में जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता गौड़, न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल गुप्ता, प्रिया चौहान और शुभम द्विवेदी सहित यातायात प्रभारी स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा सहित यातायात विभाग का दल मौजूद रहा।

### भाजपा मंडल मुंगावली की SIR को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत मुंगावली।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मुंगावली द्वारा एमएल जैन धर्मशाला में शनिवार को एसआईआर. (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) यानी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, दीपक पालीवाल उपस्थित रहे। बैठक में आगामी निर्वाचन की दृष्टि से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएं, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें तथा हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करवाएं। बैठक में विशेष रूप से यह भी चर्चा की गई कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक न रहे और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की पूरी मतदाता सूची की समीक्षा करनी होगी। बैठक में मंडल महामंत्री, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सट्टा किंग आजाद को पकड़ने पहुंची दो थानों की पुलिस

## घर और होटल पर दबिश, सर्चिंग के दौरान न मिलने पर नोटिस किया चस्पा



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस द्वारा सट्टा पर लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी के तहत शनिवार को दो थानों की पुलिस ने एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में शहर के सट्टा किंग कहे जाने वाले आजाद खान को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। इस दौरान पुलिस ने आजाद के घर और होटल पर सर्चिंग की जहां घर पर परिजनों और होटल में स्टॉफ से आजाद के बारे में जानकारी ली। वहीं आजाद के न मिलने पर पुलिस द्वारा नोटिस चस्पा किया गया, जिसमें उसे दो दिन में हाजिर होने को कहा गया।

दरअसल शनिवार को पुलिस सट्टा को पकड़ने के लिए उसने घर आजाद मोहल्ला में पहुंची, जहां उसके घर पर सर्चिंग की गई। इसके साथ ही उसकी होटल आजाद पैलेस पर पुलिस द्वारा दबिश दी गई, जहां पर आजाद नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने उपस्थित स्टॉफ से आजाद के बारे में जानकारी ली। साथ ही हिदायत देते हुए नोटिस चस्पा किया कि दो दिन में हाजिर हो नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते पकड़ने गए ऑन सट्टा में आजाद खान का नाम सामने आया था। जिसके बाद से पुलिस द्वारा आजाद की तलाश की जा रहीं है।

**दो थानें की पुलिस पहुंची पकड़ने:**

शहर में सट्टा किंग के नाम मशूहर आजाद खान को पकड़ने के लिए दो थानों की पुलिस पहुंची। इस दौरान एसडीओपी विवेक शर्मा, सिटी कोतवाली प्रभारी रवि प्रतापसिंह चौहान, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जिसमें महिला पुलिस भी काफी तादाद में थी। वहीं बड़ी संख्या में पुलिस को देख पूरे इलाके में हलचल मच गई। तो वहीं लोग एक दूसरे की तरफ निहारते नजर आए। इस दौरान जहां पुलिस ने लोगों से आजाद के बारे में जानकारी जुटाई, साथ ही नोटिस भी चस्पा किया।

**घर पर की सर्चिंग, कमरे किए चैक:**

सट्टा को किंग को पकड़ने के लिए भले ही दो थानों की पुलिस पहुंची, लेकिन पुलिस के पहचने से पहले शयद आजाद को भनक लग गई, जिसके चलते वह अपने ठिकाना छोड़ कहीं चला। इस दौरान पुलिस ने आजाद मोहल्ला स्थित मकान पर सर्चिंग करते हुए तलाश की। तो वहीं उसके हाटेल आजाद पैलेस के एक-एक कमरे खुलवा कर चैक किया।

**इनका कहना है।**

*ऑनलाइन सट्टा के मामले में आजाद की तलाश की गई, जिसके चलते उसके घर और होटल पर सर्चिंग की गई। वहीं हाजिर होने के लिए नोटिस चस्पा किया गया, समय पर वह उपस्थित नहीं होता है तो जो वैधानिक कार्यवाही है, वह की जाएगी।*

**विवेक शर्मा,**
**एसडीओपी अशोकनगर।**

### युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने दिखवाया उत्साह

**नवभारत अशोकनगर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान समूह लोक नृत्य में राव माधव हाई सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान एवं पीएम श्री मुंगावली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तो वहीं समूह लोकगीत में नेहरू डिग्री कॉलेज के खुशी बैरागी ग्रुप ने प्रथम स्थान एवं मुस्कान ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कुमारी कृतिका जैन प्रथम एवं नितिन नामदेव द्वितीय, कहानी लेखन में अलका ग्वाल ने प्रथम, सिद्धि तिवारी ने द्वितीय ,कविता लेखन में राहुल तिवारी प्रथम मोहिनी पाल द्वितीय, चित्रकला में अदिति सोनी प्रथम महक सुमन द्वितीय और विज्ञान मेला में आदर्श जोशी प्रथम और सत्येंद्र यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, एएसपी प्रतिभागियों की कला का सराहा और उन्हें पुरूस्कार वितरित किए गए।

## हृदय रोग शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ अलक त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की हृदय रोग की जांच शिविर का आयोजन शनिवार को जिला चिकित्सालय में किया गया। जिसमें भोपाल से आए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ आनंद यादव कार्डियोलॉजिस्ट और उनकी टीम द्वारा बच्चों की जांच की गई। सीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 18 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 07 बच्चे हृदय रोग से पीड़ित पाए गए उनका उपचार/सर्जरी के लिए भोपाल के एलएन मेडिकल कॉलेज में होगा। शिविर में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी, विवेक सोनी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष रघुवंशी, रिजवाना, एएनएम दीपा रजक आदि उपस्थित रहे।



## नईसराय पुलिस ने पकड़े भैंस चोर, बरामद किए पशु

**पुलिस ने दोनो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**साथ ही चोरी में प्रयुक्त लोडिंग वाहन भी किया जब्त**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नईसराय पुलिस को पशु चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनसे दो भैंसे, एक पडेरू और चोरी में प्रयुक्त बोलेरे पिकअप वाहन को जब्त किया है।

दरअसल 23 सिंतबर को ग्राम अखाईघाट से हरिराम पुत्र तेजाराम पाल के घर से रात के समय भैंसे चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत उसने नईसराय थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस द्वारा छानबीन की गई। जिसके तहत पुलिस अपनी छानबीन में मुखबिर की सूचना पर पप्पू उर्फ उदयभान पुत्र भगवतसिंह यादव निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना बजरंगगढ जिला गुना एवं सादिक खान पुत्र आजाद खान निवासी पटनाबडी थाना मृगवास जिला गुना से पूछताछ की तो दोनो के द्वारा ग्राम अखाईघाट से भैंसे चोरी करना स्वीकार किया। तो वहीं दोनो आरोपियों की निशादेही पर चोरी गई दो भैंसे एवं एक पडेरू कीमती करीबन 2.25 लाख रूपये थाना बजरंगगढ के गीदखो पुलिया के पास जंगल से बरामद किए। वहीं आरोपी सादिक खान के कब्जे से 4400 रूपये नगद एवं चोरी में प्रयुक्त लोडिंग बोलेरो पिकअप वाहन जिसका कीमत करीबन 5 लाख रूपये है जप्ती की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक विद्याराम कुशवाह, मेखलाल भलावी, अपेक्षित रघुवंशी, प्रधान आरक्षक तूफानसिंह, भरत यादव, धर्मवीर रघुवंशी, आरक्षक हरि लोधी, युवराज सिंह चौहान, वीरेन्द्र सिंह परिहार, महिला आरक्षक आरती कुशवाह, काजल सैलर की सराहनीय भूमिका रही।

**समस्या** — नगर परिषद ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अधिग्रहण करने लिखे पत्र

# नप की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं होने से मुख्य सड़क को पीडब्लूडी को सौंपने की तैयारी




**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** इस समय नगर परिषद की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं चल रही है जिसके चलते जय स्तंभ से लेकर रेलवे स्टेशन तक रोड का रख रखाव नहीं किया जा रहा है औरसड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है इसी समस्या को देखते हुए अब नगर परिषद ने शहर की मुख्य सड़क को पीडब्ल्यूडी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। जिससे सड़क का रखरखाव किया जा सके, इसके लिए नगर परिषद द्वारा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पत्राचार कर सड़क अपने हैंडओवर लेने को कहा है वही इसके लिए विधायक बृजेंद्र सिंह यादव सहित नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा भी इस मामले में पत्राचार कर सड़क को पीडब्ल्यूडी के अधीन करने की बात कही गई है। वही इस मामले में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का अपना-अलग ही कहना है कि इस तरह हम वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बगैर इस सड़क को पीडब्ल्यूडी विभाग में नहीं ले सकते है, क्योंकि इसके रखरखाव में जो भी मेंटिनेश आएगा वह ऊपर से ही आएगा। वहीं कई स्थानों पर तो पीडब्ल्यूडी जो मुख्य सड़के शहर में उनको अपने से हटाकर नगर निगम और नगर परिषद के हैंडओवर करने की तैयारी कर रही है ऐसे में इस सड़क को पीडब्ल्यूडी कैसे ले सकता है,जबकि इस सड़क की बजह से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सड़क पर कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए है जिससे वाहनों में टूटफूट हो रही है।

**पत्राचार में वित्तीय स्थिति ठीक नहीं होने का दिया गया हवाला:**

जय स्तंभ से लेकर रेलवे स्टेशन तक रोड पर अब नगर परिषद रखरखाव करने में सक्षम नहीं है क्योंकि नगर परिषद की वित्तीय हालत ठीक नहीं है ऐसा नगर परिषद ने अपने पत्र में लिखा है, जबकि सूत्रों की माने तो नगर परिषद के अधिकारियों ओर अध्यक्ष द्वारा सड़क को हैंडओवर करने से पहले पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक कर अपनी वास्तविकता बताई थी और उस समय पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अपनी सहमति भी प्रदान की थी जिसके बाद नगर परिषद ने पत्राचार किया, लेकिन अब पीडब्ल्यूडी के अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर पालना झाड़ते नजर आ रहे है और इन दोनों विभागों की आपसी खींचतान में नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है।

**वाहनों में हो रही टूटफूट:**

इस सड़क की सबसे ज्यादा हालत खराब पुराने थाने के पास ओर तहसील से लेकर आचार्य श्री विद्यासागर कृति स्तंभ तक बहुत ही जर्जर हो गई और सड़क पर 4 से 8 इंच तक के गहरे गड्ढे हो गए है। जिससे दो पहिया ओर चार पहिया वाहनों में टूटफूट हो रही है जिससे वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही दो पहिया वाहन रात के समय गड्ढे नहीं दिखने से गिर रहे ओर घायल हो रहे है अब ऐसे में जब नगर परिषद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं और पीडब्ल्यूडी इसे अपने अधीन नहीं ले रहा है तो सड़क आगे चलकर ओर खराब हो जाएगी। जिससे खामियां केवल नागरिकों को उठाना पड़ेगा, अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार लोगो द्वारा इस समस्या को निपटाया जाता है या फिर नागरिक इसी तरह परेशान होते रहेंगे।

**इनका कहना है।**

*हमारे द्वारा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से पत्राचार किया गया है क्योंकि इस समय नगर परिषद की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है और हमने पहले बैठक लेकर बता दिया था जिसके बाद पत्राचार किया गया है और अब वह बहाने कर रहे है।*

**विनय कुमार भट्ट,**
**सीएमओ नगर परिषद मुंगावली**

*हमे जब तक वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हैंडओवर लेने को नहीं बोला जाएगा तब तक नहीं ले सकते है, जबकि प्रदेश में कई जगहों पर पीडब्ल्यूडी शहरों की सड़कों को नगर परिषद और नगर निगम को हैंडओवर कर रही है वरिष्ठ अधिकारियों से जैसा मार्ग दर्शन मिलेगा वैसा करेंगे।*

**पीके झा**
**ईई लोक निर्माण विभाग**
**अशोकनगर।**